भारत सरकार
रेल मंत्रालय
रेल भर्ती बोर्ड

सत्यमेव जयते

सूचना

रेल मंत्रालय के आदेश संख्या ईआरबी-I/2022/23/06 दिनांक 26.01.2022 के द्वारा सीईएन 01/2019 (गैर तकनीकी पॉपुलर केटेगरीज) और सीईएन आरआरसी-01/2019 (लेवेल- 1) के उम्मीदवारों की परेशानियों की जांच के लिए एक समिति गठित की गई थी । समिति के रिपोर्ट के पश्चात निम्न निर्णय लिए गए है :

- सीईएन 01/2019 (एनटीपीसी) के लिए दूसरे चरण के कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के लिए पे लेवल के अनुसार 20 गुणा यूनीक कैंडिडेट्स को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।
- पहले से ही योग्य घोषित किए गए उम्मीदवार योग्य बने रहेंगे।
- शॉर्टलिस्ट किए जानेवाले अतिरिक्त उम्मीदवारों की सूची प्रत्येक पे लेवल पर अधिसूचित की जाएगी।
- प्रत्येक पे लेवल के लिए आरआरबी वाइज द्वितीय चरण सीबीटी एक ही पाली में आयोजित करने की कोशिश की जाएगी ताकि नॉर्मलाइजेशन की आवश्यकता न रहे । जहां क्षमता की कमी के कारण या अन्यथा एकल शिफ्ट संभव नहीं है, वहां पर्सेंटाइल आधारित नॉर्मलाइजेशन किया जाएगा।
- CEN RRC-01/2019 (लेवल -1) के लिए केवल एक स्टेज में परीक्षा होगी। कोई दूसरा चरण सीबीटी नहीं होगा।
- लेवल 1 (CEN RRC-01/ 2019) हेतु सीबीटी आरआरसी वाइज आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक आरआरसी के लिए पालियो की संख्या को कम करने और परीक्षा प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए अधिकतम उपलब्ध परीक्षा केन्द्रों की क्षमता का उपयोग करने की कोशिश की जाएगी ।
- परसेंटाइल आधारित नॉर्मलाइजेशन, जो सरल और समझने में आसान है, का उपयोग किया जाएगा जहाँ पालियों की संख्या एक से अधिक होगी।
- लेवल-1 के विभिन्न पदों के लिए इंडियन रेलवे मेडिकल मैनुअल (IRMM) में निर्धारित मेडिकल मानक मान्य होंगे ।
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए कोई भी उपलब्ध आय और संपत्ति प्रमाण पत्र वैद्य माना जाएगा।

सीईएन 01/2019 (एनटीपीसी) और सीईएन आरआरसी-01/2019 (लेवल -1) हेतु शिड्यूल (Tentative)

- अप्रैल, 2022 के पहले सप्ताह तक सभी पे लेवेल्स के संशोधित परिणाम की घोषणा।
- लेवल 6 के लिए द्वितीय चरण सीबीटी मई, 2022 में आयोजित किया जाएगा।
- अन्य पे लेवल्स के लिए द्वितीय चरण सीबीटी इसके उचित अंतराल के पश्चात् आयोजित किया जाएगा।
- द्वितीय चरण सीबीटी आदि को समाप्त करने के कारण लेवल-1 के लिए सीबीटी के संचालन के लिए विशेष शर्तो के साथ संशोधित पद्धति को अपनाने का निर्णय लिया गया है।
- इसमें प्रति पाली आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ लेवल -1 के लिए सीबीटी आयोजित करने के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचे और सुविधा को जुटाना शामिल होगा। लेवल -1 के लिए सीबीटी को जल्द से जल्द आयोजित करने के लिए परीक्षा संचालन एजेंसी (ईसीए) को पटल पर रखने का प्रयास किया जाएगा।
- तदनुसार, लेवल -1 के लिए सीबीटी को जुलाई 2022 से आयोजित करने की संभावित (Tentative) योजना है।

दिनांक : 10.03.2022

अध्यक्ष
रेल भर्ती बोर्ड